मध्यप्रदेश

दैनिक भास्कर, इंदौर, बुधवार, 5 अगस्त, 2015

जागरूक होकर साइबर वर्ल्ड के मायाजाल से बच सकते हैं

साइबर क्राइम के खिलाफ जागरूक करने के अभियान में बोले आईजी कपूर

भास्कर संवाददाता | इंदौर

कम्प्यूटर और इंटरनेट के बढ़ते उपयोग के साथ ही साइबर क्राइम में भी बढ़ोतरी हो रही है। इससे बचने के लिए टेक्नोलॉजी के साथ स्वयं को अपडेट रखते हुए जागरूक रहना होगा। साइबर वर्ल्ड के मायाजाल से बचने के लिए जागरूक बनें। कई बार लोग अनजाने में साइबर क्राइम कर बैठते हैं या उसका शिकार हो जाते हैं। अगर जागरूक होंगे तो इससे न तो हमें और न ही समाज को कोई नुकसान होगा।

यह बात मंगलवार को पुलिस रेडियो ट्रेनिंग स्कूल (पीआरटीएस) के डायरेक्टर व आईजी वरुण कपूर ने कही। वे साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करने के लिए चलाए जा रहे 'संदेश' अभियान के तहत अनूसुइया स्कूल में जानकारी दे रहे थे। आईजी कपूर ने यहां छात्रों और फैकल्टी को साइबर अपराध क्या है, इनसे कैसे बचा जाए और वर्चुअल दुनिया में कैसे सुरक्षित रहें, इसकी जानकारी दी। साथ ही सभी की जिज्ञासाओं को भी शांत किया। उन्हें बैंकिंग फ्रॉड, एटीएम फ्रॉड से बचने के उपाय भी बताए।

अनूसुइया स्कूल में छात्रों व फैकल्टी को जानकारी देते आईजी कपूर।

पीआरटीएस अधीक्षक सुदीप गोयनका ने यहां अधिकारियों को पासवर्ड बनाने, उसे सुरक्षित रखने, साइबर बुलिंग-स्टॉकिंग एवं आईटी एक्ट आदि के बारे में भी जानकारी दी। स्कूल प्रबंधन द्वारा पीआरटीएस के इस अभियान की सराहना करते हुए आईजी कपूर को प्रशंसा पत्र भी दिया। वहीं कार्यशाला में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिवानी वर्मा और मानसी शुक्ला को आईजी कपूर ने प्रमाण-पत्र और गोल्डन बैज प्रदान करते हुए सम्मानित भी किया।